भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4590

दिनांक 19 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

.....

पश्चिम बंगाल को एफएमबीएपी के अंतर्गत केंद्रीय सहायता

4590. श्री ईशा खान चौधरीः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के अंतर्गत बाढ़ प्रबंधन और कटावरोधी पुनर्निर्माण के लिए विशेषकर केन्द्रीय सहायता के रूप में पश्चिम बंगाल को प्रदान की गई वास्तविक राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक पश्चिम बंगाल राज्य सरकार द्वारा विशेषकर बाढ़ और कटाव के पुनर्निर्माण के लिए मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों को प्रदान की गई वास्तविक राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या एफएमबीएपी के अंतर्गत तिरपाल और खाद्य पदार्थों के प्रावधान जैसे राहत कार्यों की भी अनुमति है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री
(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) और (ख): XIवीं योजना के प्रारंभ से पश्चिम बंगाल सरकार को बाढ़ प्रबंधन और सीमावर्ती क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के अंतर्गत जारी की गई केंद्रीय सहायता **अनुलग्नक** में दी गई है।

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले की 490.73 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ तीन बाढ़ प्रबंधन परियोजनाओं को एफएमबीएपी योजना के अंतर्गत वित्त पोषण हेतु शामिल किया गया है और राज्य को 159.36 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता जारी की गई है।

(ग): राहत कार्य जैसे तिरपाल और खाद्य सामग्री का प्रावधान एफएमबीएपी के अंतर्गत शामिल नहीं हैं।

*****

अनुलग्नक

"पश्चिम बंगाल को एफएमबीएपी के अंतर्गत केंद्रीय सहायता" के संबंध में दिनांक 19.03.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न संख्या 4590 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

XIवीं योजना के प्रारंभ से पश्चिम बंगाल राज्य को वर्ष-वार जारी की गई केंद्रीय सहायता (सीए)

(राशि रुपये करोड़ में)

XIवीं योजना	**XIIवीं योजना**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2021-22**	**2024-25**	**कुल**
771.75	194.75	65.03	89.312	117.12	44.15	7.78	**1289.89**

*****